# कांग्रेसियों ने की एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत

**खास बातें**

- फॉर्म 7 के माध्यम से साजिश करने का लगाया आरोप
- तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 21 जनवरी, कांग्रेसियों ने बुधवार को स्थानीय तहसील कार्यालय पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया में कुछ लोगों द्वारा फॉर्म 7 के माध्यम से साजिश करने की शिकायत करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन देकर सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कुछ लोगों द्वारा फर्जी तरीके से फॉर्म 7 के माध्यम से मतदाता सूची से पात्र मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश करने की शिकायत की. हालांकि अनुविभागीय अधिकारी ने मतदाता सूची से किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं काटे जाने का आश्वासन दिया.**

जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील कार्यालय में बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता कई मतदाताओं के साथ पहुंचे. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस सिरोंज के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन देकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी और चुनाव आयोग के नियमानुसार संपन्न कराये जाने की मांग की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कुछ कथित लोगों द्वारा फार्म 7 देकर आपत्ति दर्ज की जा रही है. वह भेदभाव पूर्ण है. कांग्रेस पार्टी के बीएलए- दो द्वारा शिकायतें मिल रही हैं, कि फार्म 7 भरकर मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिये दिये गये है. जिसमें कुछ कथित आपत्ति करने वालों से जब संपर्क किया गया. तो जानकारी सामने आ रही है कि उनके द्वारा कोई आपत्ति नहीं लगाई गई है. जिससे प्रतीत होता है कि फर्जी नाम एवं मोबाईल नं. से आपत्ति दर्ज कराने की जानकारी सामने आ रही है. जो कि सरासर गलत है. एक पार्टी विशेष के मतदाताओं को चिन्हित करके फार्म 7 भरकर बीएलओ को नाम काटने के लिये दिये है. ऐसे मामले में जांच कर संज्ञान में लेने तथा दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की. तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने तथा सभी फर्जी आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की. इस मौके पर देवपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, अशोक यादव, विनोद सेन, इरशाद गौरी, सैफू गोरी, सुरेंद्र रघुवंशी, सादिक कुरैशी, अरविंद नगीना, जितेंद्र बघेल, अतीक मंसूरी, अजहर गौरी, नदीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### पात्र वोटरों के नाम कटवाने की साजिश-कांग्रेस नेता

कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी पोलिंग बूथ पर फर्जी नाम से मतदाताओं की शिकायत कर पात्र वोटरों के नाम कटवाने की साजिश की जानकारी मिली है. उन्होंने बताया कि एसआईआर में मतदाताओं के नाम का सत्यापन होने के बाद फर्जी तरीके से प्रारूप 7 भरकर नाम कटवाने की शिकायत मिल रही हैं. जबकि सभी मतदाता जीवित और सिरोंज में स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं. इसके अलावा भारत में कही ओर वोटर लिस्ट में नाम नहीं हैं. उन्होंने पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से ना काटे जाने तथा मामले की जांच कराकर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की. उन्होंने बताया कि उनके साथ कई शिकायतकर्ता मतदाताओं ने शिकायती आवेदन दिये है.

### वर्ग विशेष को बनाया निशाना-ब्लाक अध्यक्ष

इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में वर्ग विशेष को निशाना बनाया जा रहा है. कांग्रेस पार्टी के बीएलए- दो कार्यकर्ताओं को लगातार शिकायतें मिल रही हैं, कि कई मतदाताओं के नाम बिना जानकारी के हटाने हेतु आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं. जब कथित आपत्तिकर्ताओं से संपर्क किया गया. तो उन्होंने किसी भी प्रकार की आपत्ति देने से साफ इंकार कर दिया. वहीं एक व्यक्ति के नाम से कई आपत्ति दर्ज कराने की जानकारी सामने आ रही हैं. उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान यदि पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाते हैं, तो कांग्रेस वरिष्ठ नेतृत्व के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी.

### विधिवत की जायेगी जांच-एसडीएम

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया में दावे, आपत्ति आने के बाद उनकी विधिवत जांच की जावेगी. जिसके बाद उनका निराकरण होगा. किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं काटा जावेगा.



## 30 फीट रावण के पुतले का हुआ दहन

### सेऊ रामलीला मेला में रावण दहन की लीला को देखने उमड़े ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन, सेऊ की रामलीला में रावण दहन एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होता है, जहाँ भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन होता है, जिसके बाद रावण के विशाल पुतले ( आमतौर पर 30-35 फीट.का दहन होता है, जिसमें रंगीन आतिशबाजी भी शामिल होते हैं, और यह मेला मकर संक्रांति के आसपास कई दिनों तक चलता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं.**

ऐतिहासिक और पारंपरिक सेऊ की रामलीला 80 साल से अधिक पुरानी और अपनी अनूठी चलित रामलीला के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ पात्र पूरे मैदान में घूमते हैं.दशहरे या मकर संक्रांति के आसपास रावण वध का मंचन होता है, जिसमें राम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध दिखाया जाता है, जिसके बाद रावण के पुतले को अग्निबाण से जलाया जाता है.रावण के पुतले की ऊंचाई 30 से 35 फीट तक होती है,नारायण तक के वध की सूचना मिलते ही रावण क्रोधित होता है और स्वयं रामा दल से युद्ध के लिए हुंकार भरता है रावण और रामादल में भीषण संग्राम होता है अंत में रावण मारा जाता है प्रांगण में जय श्री राम के जय घोष गुंजायमान होने लगते है.रावण के पुतले की चलित लड़ाई आकर्षण का केंद्र बनी रही. रावण वध के दिन 5 हजार से अधिक लोग शामिल होते हैं, और पूरा मैदान दर्शकों से भर जाता है.

### निशुल्क प्रशिक्षण 23 को

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** विवेकानंद चौराहा स्थित पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) प्रशिक्षण केंद्र में 23 जनवरी को सुबह 11 से 4 बजे तक किसानों के लिए औषधीय खेती की व्यवसायिक जानकारी विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को औषधीय फसलों की खेती की उन्नत तकनीकें, लागतङ्कलाभ का आकलन, विपणन संभावनाएं तथा स्वरोजगार से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और उन्हें वैकल्पिक व लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ना है.प्रशिक्षण केन्द्र के ट्रेनर एस. एस. तौमर एवं जितेन्द्र सिंह सेंगर ने बताया प्रशिक्षण के दौरान सतावरी, सर्पगंधा, अश्वगंधा सहित विभिन्न प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियों की खेती पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा.

## जनसुनवाई में पहुंचते ही सुलझा मामला निचले अमले पर गंभीर सवाल

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन, रबी फसल के लिए चार महीने पहले दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को नटेरन की प्राथमिक सेवा सहकारी समिति में यूरिया बुक कराने के बावजूद किसान बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी नटेरन को खाद नहीं मिली और उन्हें सोसायटी से लेकर तहसील जनसुनवाई और डी.डी.ए. कार्यालय के साथ ही 181 सी एम हेल्पलाइन तक भटकना पड़ा. हैरानी की बात यह है कि जैसे ही मामला जिला स्तर की जनसुनवाई में पहुंचा, तुरंत समाधान की प्रक्रिया शुरू हो गई, जिससे निचले स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.**

सवाल यह उठता है कि यदि समस्या जिला जनसुनवाई में पहुंचे बिना ही सुलझाई जा सकती थी, तो फिर किसान को चार महीने तक क्यों परेशान किया गया. क्या निचले स्तर के अधिकारी जानबूझकर समस्याओं को लंबित रखकर जिला जनसुनवाई में भीड़ बढ़ाने का काम कर रहे हैं, ताकि अपनी जिम्मेदारी से बचा जा सके. ई-विकास प्रणाली में बुकिंग, टोकन और रिकॉर्ड मौजूद होने के बावजूद नटेरन सोसायटी और संबंधित विभागों ने समय रहते वितरण नहीं कराया. तहसील स्तर और विभागीय कार्यालयों में शिकायतें दर्ज होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की इच्छाशक्ति का अभाव है.किसान बृजेन्द्र सिंह का कहना है कि समय पर यूरिया नहीं मिलने से गेहूं की फसल प्रभावित हुई और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.यदि निचले स्तर पर ही जिम्मेदारी निभाई जाती, तो न किसान को दर-दर भटकना पड़ता और न ही जिला प्रशासन पर अनावश्यक बोझ बढ़ता.अब बड़ा सवाल यह है कि क्या निचले स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी.क्या बिना जिला जनसुनवाई पहुंचे ही किसानों की समस्याओं के समाधान की व्यवस्था बनेगी.यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जिला जनसुनवाई आम जनता की समस्या सुलझाने के बजाय केवल भीड़ बढ़ाने का मंच बनकर रह जाएगी.

### अभिषेक लोधी का हुआ पैरा मिलिट्री फोर्स में सिलेक्शन

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** युवा लोधी महासभा के पठारी नगर अध्यक्ष राकेश लोधी ने बताया कि हमारे भांजे अभिषेक लोधी पिता तोरण सिंह लोधी निवासी सेमरा का पैरा मिलिट्री फोर्स इंडियन आर्मी में चयन हो गया है आर्मी में जाने से पहले पथरी के श्री पठार वाले हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया वही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जहां पहुंचकर अभिषेक लोधी ने श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ की पूजा अर्चना की एवं कथावाचक से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान जसवंत सिंह यादव मूलचंद लोधी सुरेश लोधी विजय लोधी सहित परिवार के लोग मौजूद रहे.

## श्री मां यादे जयंती पर मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

### मां यादे जयंती धूमधाम से मनाई

### श्रद्धा, शिक्षा और संस्कार का संगम




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, प्रजापति समाज ने श्री मां यादे माताजी की जयंती पर श्री रामजानकी हनुमान मंदिर घेतल गली में आयोजित कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया.**

प्रजापति समाज द्वारा श्री मां यादे जयंती धूमधाम से मनाई गई. इस मौके पर श्री रामजानकी, हनुमान मंदिर प्रजापति समाज घेतल गली में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मां यादे के चित्र का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, ब्रह्मकुमारी आश्रम से दीदी, समाज अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति एवं उपाध्यक्ष कैलाश प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में श्री मां यादे की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया वक्ताओं ने बताया कि श्री मां यादे प्रजापति समाज की आराध्य देवी एवं कुलदेवी हैं. उनका जीवन त्याग, तपस्या, धर्म और समाज कल्याण को समर्पित रहा. उन्होंने समाज को सत्य, साहस, परिश्रम, स्वावलंबन, शिक्षा और समरसता का संदेश दिया. तथा नारी शक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया. इस अवसर पर कक्षा 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

शुभ हो आपकी हर सुबह,
हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर /
एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड आई फोन

In The Court Of Additional Judge Civil Class-I Distrct Court Vidisha Presiding Officer : कादिर खान
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000033/2025)
**प्रीति कोरी केयर नीरज पंथी ....... आवेदक**
Vs
**सर्वसाधारण........ अनावेदक**
पीएन-32/21.1.26 आईडी 165/26
Process Id-/2026
पेशी दिनांक : 26/02/2026
प्रेषिती-(1)सर्वसाधारण पता- विदिशा जिला विदिशा म.प्र.
(2) मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2018 द्वारा नगर पालिका परिषद विदिशा
(3)आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीति कोरी केयर आफ नीरज पंथी पता ने मृतक प्रमोद कोरी पिता भैयालाल कोरी निवासी वार्ड न.9 जोन 01 नगर पालिका परिषद विदिशा की .....राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 February 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 21 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दे:1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश विदिशा ( म.प्र. )**




## एसआईआर एवं मताधिकार के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मताधिकार के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्ङ्क्रके महत्व पर विस्तार से चर्चा की.विधायक सप्रे ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है.उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय खानपान एवं संस्कृति से जुड़े रहने की सलाह दी तथा सोशल मीडिया और मोबाइल फोन का सदुपयोग कर अपने भविष्य को संवारने का संदेश दिया. कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति कुरवाई के अध्यक्ष सीताराम सैनी ,विधानसभा संयोजक विनोद जैन भी उपस्थित रहे. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विनोद जैन ने एसआईआर की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने विधायक हरि सिंह सप्रे सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

### लटेरी में कलश यात्रा के साथ भैरव बाबा की स्थापना

**नवभारत न्यूज**
**लटेरी,** नगर के कुशवाहा मोहल्ला स्थित प्रजापति समाज द्वारा सामाजिक कल्याण और शांति के उद्देश्य से धार्मिक आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश कुशवाहा (पंडा जी) के निवास से निकली कलश यात्रा से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वार्ड क्रमांक 10 पहुंची.कलश यात्रा के समापन पर मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन किया गया और भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित की गई. इस आयोजन में मोहरसिंह प्रजापति, बाबूलाल, सुरेश और बंटी प्रजापति सहित समस्त प्रजापति परिवार की मुख्य भूमिका रही.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया.

## रुक्मणी विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**पठारी,पठारी नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि रुक्मणी का दूसरा नाम कृष्णातिमका है. अर्थात जो श्री कृष्ण के हृदय में वास करती हैं.देवी रुक्मणी महालक्ष्मी होने के साथ-साथ प्रेम भक्ति साहस और दया की भी देवी हैं.उनका नाम मानिनी मणि भी है.अर्थात सभी महिलाओं में से वह बहुमूल्य मणि हैं.भागवत कथा में कथावाचक बालकृष्ण जी महाराज ने बताया कि रुक्मणी के कारण से हम कृष्णा को श्रीकृष्णा पुकारते हैं.रुक्मणी के बगैर कृष्ण अधूरे हैं.**

कथा के अगले प्रसंग में शास्त्री कहते हैं कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन नारद जी के मुख से सुनकर इतनी प्रभावित हुई की मन ही मन श्री कृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया.यह प्रस्ताव ब्राह्मणों द्वारा द्वारकाधीश के पास भेजा गया.इस प्रस्ताव को कृष्ण ने सहर्ष हो स्वीकार किया और वहां पहुंचकर ब्राह्मणों को साक्षी बनाकर रुक्मणी के साथ विवाह किया.उन्होंने कहा कि नारी की स्वतंत्रता बहुत आवश्यक है.क्योंकि नारी सुकोमल, सुविचार, और सुसंस्कृत, होती है.नारी द्वारा लिए गए निर्णय हमेशा ही मंगलकारी होते हैं और ऐसे में उन्होंने कृष्ण से विवाह करने का निर्णय लिया.वह उनकी बुद्धि और विवेक का परिणाम था. इन्होंने कुटिल शिशुपाल को न चुनकर कृष्ण को चुना. इसके लिए उन्होंने अपने परिवार को छोड़ने का रास्ता चुना चूंकि यह फैसला चुनोति पूर्ण था पर वह उस पर अडिग रहीं और अंत में इसका परिणाम सुखद रहा कृष्ण को पति रूप में पाया हमें भी अपना रास्ता चुनने में बहुत समझदारी का प्रयोग करना चाहिए तब सही काम में ईश्वर भी आगे आकर सहायता करते हैं ।इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे.

### अमर शहीद श्री हेमू कलानी जी के शहादत दिवस पर लगा नेत्र शिविर

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** अमर शहीद श्री हेमू कलानी जी के शहादत के अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा हितकारिणी धर्मशाला मे 21 जनवरी बुधवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया. शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए हितेश मिचलानी ने 40 मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 25नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 10नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 05नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया. इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा आदि उपस्थित थे.

**सौगात** करोड़ों की लागत से बना स्कूल भवन लगभग पूर्णता की ओर, तैयार होने के बाद ही स्थानांतरण की प्रक्रिया होगी तेज

## सांदीपनि विद्यालय को शीघ्र मिलेगा नवनिर्मित आधुनिक भवन



**नवभारत न्यूज**
**सांची,नगर के सांदीपनि विद्यालय को सरकार की ओर से एक बड़ी सौगात शीघ्र मिलने की संभावना है. विद्यालय के लिए करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित भवन लगभग पूर्ण हो चुका है तथा केवल कुछ छिटपुट कार्य शेष बताए जा रहे हैं. भवन के पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों को लंबे समय से चली आ रही भवन संबंधी समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है.**

जानकारी के अनुसार नगर में पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित होता रहा है, जिसका भवन देश की आज़ादी के बाद वर्ष 1955 में जनता कॉलेज के नाम से निर्मित कराया गया था.इस भवन का लोकार्पण उस समय भारत के तत्कालीन रेल मंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के करकमलों द्वारा किया गया था.तभी से इसी भवन में शासकीय विद्यालय का संचालन होता आ रहा है.विगत वर्षों में क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री डा प्रभूराम चौधरी के प्रयासों एवं विकास का जामा पहनाने की कवायद अंतर्गत विद्यालय के नवीन भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई. शासन द्वारा करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण कराया गया, जो विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है.वर्तमान में विद्यालय में लगभग 1100 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालय को 12 स्कूली बसें भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिनके माध्यम से लगभग 20 किलोमीटर के दायरे में स्थित बांसखेड़ा, गुलगांव, ऐरन, बेरखेड़ी, दीवानगंज, खामखेड़ा, रतनपुर, तिजालपुर, बरोला, बागोद सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से विद्यार्थियों को लाया-ले जाया जा रहा है.विद्यालय में वर्तमान में प्राचार्य अनिल दीक्षित के नेतृत्व में शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक व्यवस्था संचालित हो रही है. विद्यालय में सभी विषयों की शिक्षा उपलब्ध है.नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के पश्चात विद्यालय को नए परिसर में स्थानांतरित किए जाने की संभावना जताई जा रही है.उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह विद्यालय शिवराज सिंह चौहान सरकार के कार्यकाल में सीएम राइज स्कूल के नाम से जाना जाता था, जिसे बाद में डॉ. मोहन यादव सरकार के गठन के पश्चात सांदीपनि विद्यालय नाम दिया गया. नवीन भवन के साथ अब शासन एवं शिक्षा विभाग से यह अपेक्षा की जा रही है कि शिक्षकों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की भी समय पर पूर्ति की जानी चाहिए जिससे विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके.



## गौशाला में भूसा स्टॉक हेतु अतिरिक्त टीनशेड का हो रहा निर्माण

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** श्रीकृष्णा गौशाला रूसिया में गौवंश के लिए चारा भंडारण की व्यवस्था को ओर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भूसा स्टॉक रखने के लिए एक अतिरिक्त टीनशेड का निर्माण किया जा रहा है. इस निर्माण से भूसे का सुरक्षित एवं पर्याप्त भंडारण हो सकेगा. जिससे गौवंश को निरंतर चारा उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी. गौशाला प्रबंधन द्वारा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है, ताकि वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों में भी भूसा सुरक्षित रह सके. यह निर्माण कार्य पूर्ण होने से गौशाला में व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत होंगी.